व्हाट्सएप

बच्चे से बूढ़े तक को संदेश भेजना सिखा दिया

आधी दुनिया को अपना कायल बना दिया

ये तूने क्या किया

मिल गये खोये अपने,जुड़ गये बिखरे सपने

साकार कर दिया लोगों के सपने

ये तूने क्या कमाल कर दिया ।।

लोग अलर्ट,प्रशासन सतर्क हो गये

ये क्या तूने कमाल कर दिया

अपनो को अपने परिवार मिल गये

बिछड़ों को उनको, उनसे यार मिल गये

ये क्या तूने ने कमाल कर दिया ।।

हर बात का तू जरिया हो गया

बदलते परिवेश का नजरिया हो गया

तेरे इशारे पर थिरकती है आधी दुनिया

न चाह कर भी तेरे सामने झुकती है आधी दुनिया

ये तूने क्या कर दिया ।।

पूरी दुनिया को एक छत के नीचे लाकर रख दिया

यादों के अंबार व खुशियों से भरा संसार बन गये

तरह –तरह के अत्याधुनिक फीचर्स से लैस

हर समस्या का समाधान, कर कमाल कर दिया ।।

संचार का सस्ता जाल सा फैला दिया

लोगों को उसमे उलझा दिया

लोगों के गोपनीयता में सेंध लगा दिया

पान पर खत्था लगाने का प्रचलन बढ़ा दिया ।।

देश हो या विदेश हर वेश में है

सिर्फ तेरा ही क्रेज

वर्तमान को विशेष कर दिया

नसमझ को भी अंग्रेज कर दिया ।।

कॉपी –पेस्ट व फारवार्ड का तूफान ला दिया

लोगों के सोचने –समझने की शक्ति का नुकसान कर दिया

ये तूने क्या कर दिया ।।

दूर बैठे लोगों को पास व संसार को मुठ्ठी में कर दिया

आम व खास सबको एक कर दिया, एकता के सूत्र में पिरोह दिया ।।

ये तूने क्या कमाल कर दिया ।।

डॉ. अमित कुमार दीक्षित